

प्राइड ऑफ नैशन सीरिज अवॉर्ड ऐंड बिजनेस समिट और इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रैंड ऐंड लीडर 2017-18 के तीसरे संस्करण का आयोजन मुंबई किया गया। समारोह में व्यापार और अर्थव्यवस्था के मुद्दों और भारत के विकास के साथ देश में निवेश में सुधार के तरीकों पर विचार किया गया। समारोह में11 विशेष एशिया वन ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर को उद्योग और समाज में उनके विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी, बीसीसीएल के एमडी विनीत जैन, हीरानंदानी ग्रुप के अध्यक्ष निरंजन हिरानंदानी, बीएसई के एमडी एवं सीईओ आशीष चौहान, बॉलिवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर उपस्थित थीं।



मुंबई में '15 म्युनिसिपालिका' प्रदर्शनी का आयोजन बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, कंस्ट्रक्शन, सिटी प्लानिंग और रियल इस्टेट को लेकर कई उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस समारोह में 300 से अधिक छोटे बड़े शहरों के नगरपालिकाओं और विदेशों से 200 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी विकास विभाग कर्नाटक के महेंद्र जैन और भारत में कनाडा के उच्चायुक्त नादिर पटेल मौजूद थे।